केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 159 गुरूवार 2 जनवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ब्लॉक सदर के ग्राम चंगेरवा में निर्माणाधीन क्षेत्रीय लघु सिंचाई प्रशिक्षण केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि प्रशासनिक भवन व बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण है तथा अधिकारी आवास टाइप–2, टाइप 5 एवं कन्वेशन सेन्टर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लैब कक्ष बना हुआ है, किन्तु अभी मशीनें नहीं लगी है। खिड़की व दरवाजो के फिटिंग कार्य में उन्होने देखा कि जहाँ लोहे के पल्ले लग रहे है, वहाँ सिटकनी/ कब्जे आदि सीमेंट से जाम हो गये है। उन्होने इस स्थिति पर कार्यदायी संस्था यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0, बस्ती के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए इसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया।

अवर अभियन्ता ने बताया कि 15 जनवरी 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य 16 अगस्त 2016 से प्रारम्भ है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### दिशा की बैठक 7 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । सांसद राम प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 7 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जायेंगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस. ने दी है।

### समाज कल्याण अधिकारी बस्ती को कारण बताओ नोटिस

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश ने बस्ती के समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन पर आरोप है कि शासनादेश के अनुरूप सामूहिक विवाह की लाभार्थी कन्या के खाते में निर्धारित धनराशि नहीं भेजी। शासन से इसे गंभीरता से लिया और अविलंब लाभार्थी कन्या के खाते में धनराशि भेजने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग की सामूहिक विवाह योजना के तहत नौ दिसंबर 2024 को बस्ती में 1016 लाभार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन कर रखा था। दो तिथियों में जीआईसी बस्ती और रामरेखा मंदिर अमोढ़ा के मैदान पर 667 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रति लाभार्थी 51 हजार रुपये खर्च करना था। इनमें से 10 हजार रुपये के वैवाहिक सामग्री की खरीद होनी थी। छह हजार रुपये आयोजन पर खर्च होना था। शेष 35 हजार रुपये आर्थिक मदद के रूप में कन्या के खाते में जाना था। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशान्त ने समाज कल्याण अधिकारी बस्ती श्रीप्रकाश पांडेय को भेजे कारण बताओ नोटिस में कहा कि विवाह के एक माह बाद भी कन्याओं के खाते में 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि नहीं भेजी गई है। यह शासनादेश का सीधा उल्लंघन है। यह समाज कल्याण अधिकारी के शिथिलता और शासकीय कार्य में लापरवाही को दर्शाता है। यह स्पष्ट होता है कि आपका कार्य में रुचि नहीं है। ऐसे में जल्द से जल्द लाभार्थियों के खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि भेजी जाए, अन्यथा की दशा में आपके विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित कर दी जाएगी। साथ ही देरी के कारणों को भी स्पष्ट करें। नोटिस की प्रति डीएम, सीडीओ और उप निदेशक समाज कल्याण को भी भेजी गई है।

'सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों की रेंडम जांच हो रही थी। इसके कारण लाभार्थियों के खाते में 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजने में देरी हुई।

# मां और चार बहनों को बेरहमी से मारने वाला गिरफ्तार



लखनऊ (आभा)। राजधानी लखनऊ में नए साल पर खूनी खेल खेला गया। लखनऊ के एक होटल में परिवार के पांच लोगों की हत्या हो गई। हत्या करने वाला परिवार का ही शख्स है। एक 24 साल के युवक ने अपनी मां और चार बहनों को बेरहमी से मार डाला। नए साल पर हुई दिल दहलाने वाली वारदात से हर कोई सकते में हैं। सुबह–सुबह मिली पांच हत्याओं की खबर से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने हत्याकांड को अंजाम देने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इस वीडियो में आरोपी हत्या करने की वजह बता रहा है।

शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि ये परिवार आगरा जिले के कुबेरपुर का रहने वाला है। आगरा के टेड़ी बगिया क्षेत्र के इस्लाम नगर के रहने वाले 24 साल के असद ने यह खूनी खेल खेला। सनसनीखेज हत्याकांड में हैरान करने वाली बात ये है कि चार बेटियों में से दो नाबालिग हैं। जबकि, दो की उम्र 18 और 19 साल है। लखनऊ के होटल शरनजीत में इन पांच हत्याओं से पूरे शहर में सनसनी फैल गई।

बताया गया है कि असद अपने पिता, मां आस्मा और चार बहन आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) के साथ लखनऊ के नाका थाना इलाके के होटल शरनजीत में रुका हुआ था। असद ने देर रात में पारिवारिक विवाद में सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया। पिता कहां है, उसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। वहीं इस हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद असद के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी पहुंची ।

## पुलिस पर गोली चलाने वाले पर मुकदमा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर गोली चलाने के आरोपी बहराइच जिले के हिस्ट्रीशीटर पर गौर थाने में हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में बुधवार की सुबह मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार बहराइच जनपद के खैरीघाट थानाक्षेत्र के टिकुरी निवासी कुंवारे चौहान के ऊपर बस्ती, बहराइच और जीआरपी में डेढ़ दर्जन केस दर्ज हैं। वह लंबे समय से वांछित चल रहा था। पुलिस काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी।

एसओ गौर गजेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर आरोपी कुंवारे चौहान के खिलाफ पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बस्ती जिले के गौर थानाक्षेत्र के तरैना जंगल के पास मंगलवार की रात बहराइच जनपद के खैरीघाट थानाक्षेत्र के टिकुरी निवासी कुंवारे चौहान के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी थी। उसे हिरासत में लेकर पहले इलाज के लिए गौर सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था।

## अधिकारियों ने किया सेल्टर होम, गौशाला का औचक निरीक्षण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । 31 दिसम्बर रात्रि लगभग 9.00 बजे मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता एवं अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने राजस्व तथा नगरपालिका टीम के साथ संयुक्त रूप से नगर पालिका क्षेत्र में बनाये गये शेल्टरहोम पचपेडिया एवं पुराना डाकखाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह एवं शेल्टरहोम के केयरटेकर उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को शेल्टरहोम में ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने तथा ठंड में जरूरतमंद को तत्काल शेल्टरहोम में शिफ्ट कराये जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होने जरूरतमंद 20 लोगों को कम्बल का वितरण भी किया।



निरीक्षण के दौरान सिविल लाईन, कचहरी क्षेत्र झंडा तिराहा, अमहट घाट, कम्पनीबाग चौराहा, पचपेडिया, पुराना डाकखाना चौराहा, रोडवेज चौराहा पर अलाव जलता हुआ पाया गया।

उन्होने नगर पालिका क्षेत्र में कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में निराश्रित गोवंश को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था पायी गयी। साथ ही गौशाला के अन्दर अलाव की व्यवस्था एवं चारो तरफ तिरपाल लगाकर गोवंशों को सुरक्षित किया गया है।

## स्काउट गाइड शिविर में दिया गांठ बांधने, तंबू बनाने की जानकारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हर्रैया कस्बे के गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के दूसरे दिन बुधवार को प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी के द्वारा ध्वजारोहण करके प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्काउट गाइड शिविर केवल प्रशिक्षण का मंच नहीं बल्कि अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ट्रेनिंग काउंसलर जिला संगठन कमिश्नर गाइड संगीता प्रजापति सहायक ट्रेनर दीपक प्रजापति और विजय कश्यप ने प्रशिक्षण देते हुए छात्र छात्राओं को गांठ बांधने, तंबू बनाने, आत्मरक्षा, अनुशासन, समूह कार्य, सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारियां, आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने की जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट मास्टर दिनेश पाण्डेय, गाइड कैप्टन अंजू श्रीवास्तव, पंकज सिंह, प्रवेश शुक्ल, संतोष श्रीवास्तव, पवन मिश्र, दिनेश मिश्र, रामनरेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह, संध्या तिवारी, पूनम सिंह, सपना सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टेम्पो यूनियन का विस्तारः हारून अध्यक्ष, कल्लू बाबा महामंत्री बने

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बुधवार को बस्ती आटो रिक्शा जन कल्याण समिति की बैठक रेलवे स्टेशन के निकट स्थित काली मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में टेम्पो चालकों की समस्याओं के उत्पीड़न, समस्याओं पर विचार विमर्श करने के साथ ही संगठन का विस्तार किया गया। सर्व सम्मत से मो. हारून जिलाध्यक्ष, सैय्यद इम्तेयाज उपाध्यक्ष, आशीष शर्मा ' कल्लू बाबा' महामंत्री, एजाज अहमद संगठन मंत्री, गुलाम वारिस सूचना मंत्री, शिवम मिश्रा कोषाध्यक्ष घोषित किये गये। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में 21 सदस्य जोड़े गये।

बस्ती आटो रिक्शा जन कल्याण समिति जिलाध्यक्ष मो. हारून ने कहा कि टेम्पों चालकों का अनावश्यक उत्पीड़न वर्दाश्त नहीं किया जायेगा। टेम्पो चालक यातायात या अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में बढ चढकर हिस्सा लेते हैं। अनेक उच्च शिक्षित युवा मजबूरी में टेम्पो चलाकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उनके मान सम्मान से खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से जावेद वारसी, सोनू कुमार, वारिस अली, शेषनाथ, गोपाल गुप्ता, सन्तोष गुप्ता, मुर्शरफ अली, गुड्डू बाबा, पप्पू, चन्द्र भूषण पाण्डेय, तुलसीराम चौधरी, नीरज तिवारी, अनूप चौधरी, रमाकान्त मिश्र, राजकुमार के साथ ही अनेक टेम्पो चालक एवं समिति के सदस्य शामिल रहे।

## जरूरतमंदों की सेवा पुनीत कार्य



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भीषण ठंड में गरीब, बुजुर्ग व बेसहारा की जरूरतों को पूरा करना एक पुनीत कार्य है। इसमें समाज के लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। यह बातें सामाजिक कार्यकर्ता नितेश शर्मा ने युवा विकास समिति बस्ती व रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूसन द्वारा अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से गौर विकास खंड के रमवापुर गाँव में जरूरतमंदों को कंबल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने इस दौरान करीब 30 कंबल जरूतमंदो में बांटा।

विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार राम गदाधर पाण्डेय नें कि कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कम्बल वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। नेशनल अवार्डी किसान राम मूर्ति मिश्र ने कहा कि यह कम्बल हर उस गरीब व बुजुर्गों के लिए जीवन दायिनी साबित होगा जिनके पास ठण्ड से बचने का और कोई उपाय नही है। इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता।

बृहस्पति कुमार पांडेय ने बताया कि अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. नारायण एबी अय्यर जी के सहयोग से इस साल यह कंबल उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उपस्थित जरुरतमंदो नें सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की।

## नव वर्ष पर रोपे पौध, दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। नव वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों ने वर्ष का पहला दिन अपने–अपने ढंग से मनाया। साथी साथ निभाना फाउन्डेशन के अध्यक्ष व न्यू शांति हॉस्पिटल के चेयर मैन अनिरुद्ध चौधरी, सचिव एवं सुभासपा जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के स्मारक पार्क बस्ती में विभिन्न प्रकार के पौध रोपित किये।

अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिये हम सबको आगे आना होगा। मानव जीवन के लिए शुद्ध पर्यावरण बहुत आवश्यक है। अनिरुद्ध चौधरी के जन्म दिन पर आयोजित पौधरोपण में मुख्य रूप से जिला प्रमुख महासचिव सुभासपा रमेश चन्द्र वर्मा, प्रदेश प्रमुख महासचिव सुभासपा विजय चौहान, आलोक यादव, अनिल चौधरी , प्रशान्त त्रिपाठी, विनोद वर्मा, रवि वर्मा आदि ने योगदान दिया।




## स्मृतियों में सदैव जीवित रहते हैं माता-पिता-जगदम्बिका पाल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के पिता स्व. सूर्य बक्श पाल की 31वीं पुण्यतिथि स्थानीय सूर्य बक्श पाल स्मारक पीजी कालेज भरवलिया बनकटी में मनाई गई। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गायत्री परिवार की ओर से हवन, शांति पाठ तथा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



### -पुण्यतिथि पर याद किये गये सूर्य बक्श पाल

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि संकल्प दृढ़ इच्छाशक्ति शक्ति से हम कुछ भी हासिल कर सकते हैं। पिता की ओर से दिखाए गए मार्ग का अनुसारण किया और उनके आशीर्वाद से आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं और जनता की हर पल सेवा करने का अवसर मिला इसलिए हर किसी को अपने माता–पिता का सम्मान करना चाहिए। माता–पिता धरती पर ईश्वर स्वरूप हैं जो बन सके अपने माता–पिता के नाम विद्यालय, मंदिर जैसे पुनीत कार्य करना चाहिए जिससे आने वाले समय में नाम तो अमर होगा ही क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा मिलेगी । कहा कि माता–पिता स्मृतियों में सदैव जीवित रहते हैं।

कालेज के छात्र–छात्राओं की ओर से भजन और निर्गुण प्रस्तुत किया गया। हवन में उपस्थिति लोगों ने आहुतियां डाल स्व. सूर्य बक्श पाल को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन व आगंतुकों का आभार महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अजीत प्रताप सिंह ने किया ।इस मौके पर दिनेश पाल, प्रकाश पाल, सुग्रीव पाल, गोपाल शुक्ल, विरेंद्र बहादुर पाल, उमेश श्रीवास्तव , पन्ने लाल यादव, शिवकुमार पाल, बीरू चौधरी, शिवकुमार चौधरी , शिवशंकर मिश्रा , परमेश्वर पाल ,कमल किशोर पाल सहित सूर्य बक्श पाल महाविद्यालय व कन्या इंटर कालेज के विद्यालय परिवार शामिल रहे।

## लोगों के साथ भलाई करें, सभी अल्लाह के बंदे हैं: धार्मिक जलसे में दिया दीनी जानकारी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दारूल उलूम अल इस्लामिया दरिया खां के परिसर में धार्मिक आयोजन किया गया । दो दिवसीय कार्यक्रम में मोतवर ओलमा ने दीन इस्लाम का पाठ सिखाया। कहा कि हजरत मुहम्मद साहब ने इंसान को शिक्षा दी कि सभी मानव समान हैं। एक ईश्वर की संतान हैं। तमाम विरोधों के बावजूद उन्होंने खुदा के पैगाम को पूरी दुनिया में पहुंचाया। मजलूमो, गुलामों, औरतों, बेसहारा, यतीमों को उनका हक दिलाया। हमें हर वह नेक काम करना चाहिए। जिसमें हमारे नबी खुश हों। लोगों के साथ भलाई करें सभी एक अल्लाह के बंदे हैं। सभी के साथ समानता का व्यवहार करें। मौलाना शरीफ और मुफ्ती महसद्दीन ने भी हजरत मुहम्मद साहब के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये इस्लाम के संदेश के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में समाज में अच्छे एखलाक और हजरत मोहम्मद सल्ललाह ही वसल्लम के लाये हुये दीन पर चलने की हिदायत दी गई।



यह जानकारी देते हुये आयोजक एडवोकेट मोहम्मद मारूफ खान ने बताया कि प्रशासन की अनुमति से दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में 11 जनपदों के लगभग 3 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये थे।

आयोजन में मुख्य रूप से मौलाना युसुफ, मौलाना अनस, कारी अबूजर, मुजाहिद अली, सादिक अली, असरार अहमद, मोहम्मद अरशद, ई. इनामुल्लाह, इन्तसार अहमद आदि ने योगदान दिया।

## जयन्ती पर याद किये गये बस्ती मण्डल के प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती।** बस्ती मण्डल के प्रथम सांसद गांधी कला भवन के साथ ही अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के संस्थापक उदयशंकर दूबे को उनके 126 वीं जयंती पर बुधवार को याद किया गया। इसी क्रम में कला प्रसार समिति की उप सभापति श्रीमती विन्देश्वरी दूबे को उनके 81 वें जयन्ती पर याद करते हुये स्मृति में गोष्ठी कर उनके योगदान पर चर्चा की गई।



कला प्रसार समिति सचिव हरिस्वरूप दूबे के संयोजन में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल के निकट आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बस्ती मण्डल के प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे ने गांधी कला भवन के साथ ही अनेक शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना किया। समिति की उप सभापति श्रीमती विन्देश्वरी दूबे ने अपने पति स्वर्गीय वंशीधर दूबे के साथ मिलकर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की दिशा में पूरी ताकत लगा दिया। दुर्भाग्य से प्रशासन साथ नहीं दे रहा है और गांधी कला भवन को सरकारी कार्यालय बना दिया गया। उनका पूरा प्रयास होगा कि प्रथम सांसद के सपनों को साकार करने की दिशा में प्रयास लगातार जारी रहे।

जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वीरेन्द्रनाथ पाण्डेय, अमरनाथ शुक्ल, सूर्यकान्त त्रिपाठी, विश्म्भरनाथ पाण्डेय, पदमेश दूबे, पूनम शुक्ल, सीमा, रश्मि आदि ने प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उन्हें नमन् किया। कहा कि जब देश गुलाम था उन्होने आजादी की लड़ाई लड़ी और समग्र बस्ती मण्डल के विकास में अपना योगदान दिया किन्तु उन्हें उपेक्षित कर दिया गया है। कला प्रसार समिति उनके उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम में शेषनाथ पाठक, दिग्विजय गुप्ता, आकाश श्रीवास्तव, शिवाकान्त, कृष्णा, हरीश पाठक, घनश्याम मिश्र, विनय दूबे, आशीष पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, अभिषेक गुप्ता, गौरव त्रिपाठी, भगवानदीन, मनीष तिवारी, तफसील, हरेन्द्र तिवारी, मुन्ना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 2 जनवरी 2025 गुरूवार


## सम्पादकीय

# त्यौहारों के देश में

यूं तो समय अनवरत रूप से अपनी गति से चलता है। लेकिन पर्व–त्योहार और खास दिन उसमें नई उमंग और उत्साह भर देते हैं। यूं तो हर नया साल पहले जैसा ही होता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस समय का कितना बेहतर रचनात्मक उपयोग करते हैं। अपने व परिवार का जीवन कितना ऊर्जावान व सकारात्मक बनाते हैं। दरअसल, कोई साल अच्छा–बुरा नहीं होता, उसके दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां उसकी दशा–दिशा तय करती हैं। यह हमारे विवेक और सजगता पर निर्भर करता है कि हम कैसे विषम परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाते हैं। यह लंबी बहस का विषय रहा है कि एक जनवरी पश्चिमी देशों का नया साल है। यह भी कि उदास मौसम व रक्त जमाती सर्दी में नया साल मनाने का क्या औचित्य है? कहा जाता है कि भारतीय नववर्ष का आगमन उस समय होता है कि जब कुदरत मुस्करा रही होती। सर्दी की विदाई की वेला होती है और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल–फूल व खेतों में नयी फसल पकने की तैयारी हो रही होती है। लेकिन तसवीर का सकारात्मक पहलू यह है कि एक जनवरी का नववर्ष हमें कड़ाके की सर्दी और उदासी के मौसम में जीवंतता प्रदान करता है। लोग मौसम की तल्खी की परवाह किए बिना जमकर नये साल के उत्सवों में शिरकत करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़कर जीवंतता की ओर उन्मुख होते हैं। हो सकता है कि एक जनवरी को नया साल मनाने की शुरुआत के अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ी वजह रही हो क्योंकि पश्चिमी देशों में भारी बर्फबारी सामान्य जनजीवन को जमा देती है। इसके बावजूद लोग नये साल के जश्न में घरों से बाहर निकलते हैं। मकसद यही रहा होगा कि सर्दी को नजरअंदाज करके जीवन में उत्सव व उल्लास का संचरण हो सके। निस्संदेह, पर्व हमें उल्लासित करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करते हैं। यही पर्वों की सार्थकता भी है।

निस्संदेह, भारत पर्व–त्योहारों का देश है। एक तरह से ये पर्व–त्योहार समाज में सेफ्टीवॉल का काम करते हैं। ऐसे समय में जब करोड़ों लोग मनोकायिक रोगों से जूझ रहे हैं, तो पर्व–त्योहार दवा का भी काम करते हैं। दरअसल, महानगरीय जीवन में व्यक्ति गंभीर रूप से आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। कालांतर वहां जीवन भी एकरसता में बदल जाता है। बिना सामाजिक सक्रियता के जीवन की जीवंतता संभव नहीं है। फिर नया साल हमें आत्ममंथन का एक अवसर भी देता है– बीते वर्ष के घटनाक्रम व उपलब्धियों का मूल्यांकन करने और असफलताओं से सबक सीखकर आने वाले वर्ष के लिये नीतियां बनाने के लिये। बहुत संभव है कि हम अपने संकल्पों की कसौटी पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते। लेकिन प्रयास किया जाना भी महत्वपूर्ण है। कुछ प्रतिशत तो हमारी कामयाबी होती है। लेकिन इसके बावजूद नये साल के जश्न में अराजक व्यवहार से हमें परहेज करना चाहिए। नशे का नासूर जिस तरह हमारे समाज में घातक असर दिखा रहा है, उससे बचने के उपक्रम तो किये ही जाने चाहिए। हमें शोभा नहीं देता है कि नये साल के जश्न में हम अराजक व्यवहार करके दूसरों के जीवन की शांति को भंग करें। अकसर नशे में तेज गति से दौड़ते वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नये साल का जश्न मनाने तमाम लोग पहाड़ों की ओर कूच करते हैं। जगह–जगह से सड़कें जाम होने और होटलों के फुल होने की खबरें आती हैं। हमारी कोशिश हो कि इन पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों और पर्यावरणीय चिंताओं का भी ध्यान रखें। हमारा व्यवहार सभ्य और मर्यादाओं के अनुरूप ही हो। उत्सव हमें अराजक व्यवहार का लाइसेंस नहीं देते। हमारे उल्लास व उत्सव मनाने का अधिकार किसी के निजी अधिकारों के अतिक्रमण की आजादी भी नहीं देता। वास्तव में हमें नये साल में अपने व परिवार की खुशियों के साथ देश व समाज की खुशियों के लिये भी संकल्प लेना चाहिए। सवाल यह भी कि बीत रहे साल के आखिरी दिन देर रात तक हुड़दंग करने के बाद हम नये साल के पहले दिन अलसायी सुबह लेकर क्यों उठते हैं। हमारे नये साल के पहले के साथ ही प्रतिदिन सूर्योदय के साथ ऊर्जावान होना चाहिए।

# भविष्य को संवारने का अवसर बने नव वर्ष



–ललित गर्ग–




नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है– नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है–'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, 'मैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना।' नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी–सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निर्माता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई–चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे–जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं–असफलताओं, हर्ष–विषाद, सुख–दुख, उन्नति–अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नहीं, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन–दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं–पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा–दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं–कहीं भटक जाते हैं और जब–जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक–एक क्षण जीना है– अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर–क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरुआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं–न–कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरुआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है।


जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरुआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

–लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# एआई ने बदल दिया दुनियां की सोच



–डॉ. शशांक द्विवेदी–



साल 2024 ने साबित कर दिया कि एआई सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल जीवन आसान हुआ है, बल्कि प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को भी एक नया आयाम मिला है। पूरी दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में साल 2024 में कई बड़े बदलाव हुए। एआई सहित कई–कई टेक इनोवेशन सामने आये हैं, जिन्होंने तकनीकी दुनिया को बदलने और लोगों को हैरान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों ने जनरेटिव एआई को अपनाने से लेकर फोल्डेबल स्मार्टफोन की बढ़ती पॉपुलेरिटी तक, एक्सेसिबिलिटी और इंटीग्रेशन को बढ़ाने पर फोकस किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए साल 2024 एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी साल साबित हुआ। इस साल एआई ने तकनीकी विकास में ऐसी छलांग लगाई, जिसने न केवल डिजिटल दुनिया बल्कि आम लोगों की जिंदगी को भी पूरी तरह से बदल दिया। एआई अब हर सेक्टर में काबिज हो रही है।

5जी की प्रौद्योगिकी ने तेज इंटरनेट स्पीड और कनेक्टिविटी के मामले में एक क्रांतिकारी बदलाव किया है। इसके चलते स्मार्टफोन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स डिवाइसेस की क्षमता में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी (वीआरध्एआर) ने गेमिंग, एंटरटेनमेंट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में नयी ऊंचाइयों को छुआ है। नये और उन्नत वीआरध् एआर हेडसेट्स और एप्लिकेशन का विकास हुआ है। 2024 में मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट कंज्यूमर टेक्नोलॉजी में नए सेगमेंट के रूप में सामने आए हैं, जो फिजिकल और डिजिटल इनवायरन्मेंट को सीमलेस ब्लेंड करते हैं। एपल और मेटा जैसे ब्रांड ने ऐसे डिवाइस पेश किए हैं जो वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) को इंटीग्रेट करते हैं ताकि डीप इमर्सिव एक्सपीरियंस ऑफर किए जा सकें।

बीते साल क्वांटम कम्प्यूटर के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। आईबीएम और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने अपने क्वांटम कंप्यूटरों के नये वर्शन पेश किये हैं, जिनका उद्देश्य समस्याओं को हल करने की गति को मौजूदा सुपरकंप्यूटर से कई गुना अधिक बढ़ाना है। एआई ने शिक्षा के क्षेत्र में भी नई क्रांति लाने का काम किया। भारत की पहली एआई टीचर के रूप में आइरिस जानी जाती हैं। इस साल मार्च में इन्हें तिरुवनंतपुरम के केटीसीटी स्कूल द्वारा विकसित किया गया।

वर्ष 2024 में बायोइलेक्ट्रॉनिक्स और हेल्थ टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य देखभाल को एक नयी दिशा दी है। स्मार्ट वियरेबल्स, स्वास्थ्य से संबंधित एप्स और एआई–बेस्ड डायग्नोस्टिक टूल्स ने मेडिकल क्षेत्र में सुधार किया है। वहीं, सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन टेक की बात करें, तो पर्यावरणीय चिंताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रीन टेक्नोलॉजी में भी इस साल इनोवेशन हुआ है। सोलर पैनल्स, इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा संरक्षण के नये तरीके सामने आये हैं। ट्रांसपेरेंट टीवी इस साल काफी चर्चा में रहा। ये 77–इंच का एक ट्रांसपेरेंट टीवी है, ये बंद होने पर शीशे की तरह दिखता है। टीवी ऑन होता है तो एक अलग ही तरह विजुअल एक्सपीरियंस मिलता है। इसमें वायरलेस कनेक्टिविटी के लिए जीरो कनेक्ट बॉक्स का यूज किया गया है।

वर्ष 2024 में हुआवई ने फोल्डेबल या फिलप फोन नहीं बल्कि ट्रिपल फोल्ड फोन लॉन्च किया है। ये दुनिया का पहला ट्रिपल–फोल्ड स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन खुलने पर 10.2 इंच की बड़ी स्क्रीन ऑफर करता है। ये टैबलेट की तरह भी यूज किया जा सकता है। इसमें 1टीबी स्टोरेज है। फोटो–वीडियोग्राफी के लिए चार कैमरा हैं। स्मार्टफोन से कई फोल्डिंग मोड्स में काम कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से स्मार्टफोन, लैपटॉप और दूसरे गैजेट के काम करने के तरीके का एक जरूरी हिस्सा बन गया है। ये क्रिएटिव और प्रेक्टिकल फीचर्स को एड करती है, जो इन डिवाइसेज के इस्तेमाल के तरीके को बेहतर बनाती है।

वर्ष 2024 में हुए सबसे बड़े इनोवेशन की बात की जाएगी तो उसमें न्यूरालिंक का जिक्र होगा। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब इंसानी दिमाग में चिप लगाई गई। इस साल की शुरुआत में एलन मस्क के टेक स्टार्टअप न्यूरालिंक ने यह कारनामा किया था। कंपनी ने चिप को लेकर दावा किया कि इसके जरिये कम्युनिकेशन और बॉडी को कंट्रोल किया जा सकता है। इस साल कई ऐसे इनोवेशन हुए जो कल्पनाओं से भी परे थे। इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन भी इसी साल देखने को मिला। दुनिया का पहला एआई हॉस्पिटल बनाने वाला देश चीन है, जिसमें मरीजों का इलाज रोबोट करते हैं। इसमें 14 एआई डॉक्टर और 4 एआई नर्स हैं। एआई हॉस्पिटल नए इनोवेशन के नजरिये से काफी दिलचस्प है। एआई डॉक्टर मशीन लर्निंग के आधार पर काम करते हैं। बेहतर, उन्नत और लगातार इस्तेमाल के साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिले। मसलन, 2024 में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों ने हर किसी को परेशान किया।

साल 2024 ने साबित कर दिया कि एआई सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल जीवन आसान हुआ है, बल्कि प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को भी एक नया आयाम मिला है।–लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।

# संत की जटा में 45 किलो की रुद्राक्ष की माला

–अभिनव आकाश–



अग्नि अखाड़े में धर्म ध्वजा फहराने के बाद ज्योति जलाई गई। पूरे कुंभ मेले में अग्नि जलती रहेगी. महाकुंभ के सफल समापन के बाद अग्नि अखाड़ा अग्नि और ध्वजा को अपने मूल अखाड़े में ले जाएगा। कई अन्य साधु–संतों के बीच एक महंत बाबा ऐसे भी नजर आए जिनके सिर पर सवा लाख रुद्राक्ष की माला थी, जिसका वजन 45 किलो था। वह करीब 6 साल से इसे लेकर चल रहे हैं और इसी के जरिए वह अपनी तपस्या और साधना करते हैं।

प्रयागराज में विशाल आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार की व्यवस्थाओं से संत और धर्मगुरु खुश नजर आ रहे हैं। अग्नि अखाड़े के सचिव ने एक निजी मीडिया समूह से बात करते हुए कहा कि वे प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था देखकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद से बेहतर इंतजाम किए गए हैं और इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी को धन्यवाद दिया। कुंभ में गैर–हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर महंत ने कहा कि अखाड़ा परिषद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मेला क्षेत्र में न बुलाकर सही काम किया है. उन्होंने कहा कि लोग न तो उनसे सामान लें और न ही किसी गतिविधि में भाग लें। उन्होंने कहा कि संत समाज ने सीएम योगी के नारे श्कटोगे तो बटोगेश का पुरजोर समर्थन किया है।

इससे पहले, अग्नि अखाड़े में धर्म ध्वजा फहराने के बाद ज्योति जलाई गई। पूरे कुंभ मेले में अग्नि जलती रहेगी. महाकुंभ के सफल समापन के बाद अग्नि अखाड़ा अग्नि और ध्वजा को अपने मूल अखाड़े में ले जाएगा। कई अन्य साधु–संतों के बीच एक महंत बाबा ऐसे भी नजर आए जिनके सिर पर सवा लाख रुद्राक्ष की माला थी, जिसका वजन 45 किलो था। वह करीब 6 साल से इसे लेकर चल रहे हैं और इसी के जरिए वह अपनी तपस्या और साधना करते हैं।

इंद्र गिरी महाराज नाम के आध्यात्मिक शख्स शारीरिक रूप से बीमार नजर आए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके दोनों फेफड़े 97 फीसदी खराब हो चुके हैं। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर कार से हरियाणा के हिसार से कुंभ मेले में पहुंचे। बताया गया कि करीब 4 साल पहले उनका लग्स खराब हो गया था। डॉक्टरों ने उन्हें आश्रम से बाहर न जाने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति और आस्था के बल पर महाकुंभ में आने का फैसला किया।

## बाबा लोकनाथ काशी के बाबा विश्वनाथ का प्रतिरूप



–विनय शुक्ला–

सनातन संस्कृति और आस्था की प्राचीनतम् नगरी प्रयागराज बाबा लोकनाथ काशी के बाबा विश्वनाथ का प्रतिरूप हैं। लोकनाथ महादेव की प्राचीनता के बारे में सही तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन यहां के पुजारी बताते हैं कि स्कंद पुराण के रेवा खण्ड और महाभारत के शांतिपर्व में बाबा लोकनाथ का वर्णन आता है।

प्रयागराज के मुख्य बाजार चौक के प्रसिद्ध मोहल्ले लोकनाथ का नाम यहां स्थापित बाबा लोकनाथ के नाम पर पड़ा है। चार पीढ़ियों से बाबा लोकनाथ का पूजन कर रहे पुजारी गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि समस्त पुरियों और तीर्थों के राजा होने कारण इन्हें तीर्थराज प्रयागराज कहा जाता है। बाबा लोकनाथ स्वयं भू शिवलिंग हैं और इनका वर्णन स्कंद पुराण के रेवा खण्ड में "वामदेव महादेव देव–देव सुरेश्वरः, लोकनाथ पाहि–पाहि प्राणनाथ कृपाकरः।" के रूप में मिलता है।

इसके अतिरिक्त महाभारत के शांति पर्व में भी प्रयाग के बाबा लोकनाथ का वर्णन आया है। सावन माह, प्रदोष और शिवरात्रि के दिन लोकनाथ महादेव का विशेष रूप से पूजन होता है। केवल प्रयागराजवासी नहीं बल्कि दूर–दूर से संगम आने वाले श्रद्धालु लोकनाथ महादेव का दर्शन करने जरूर आते हैं। श्री पाण्डे ने बताया कि प्रयाग की प्रसिद्ध हस्तियां मदन मोहन मालवीय, छुन्नन गुरु, पंड़ित श्रीधर पाठक नियमित रूप से मंदिर आते थे। इसके अलावा प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी और वी.पी. सिंह ने भी बाबा लोकनाथ का दर्शन और पूजन किया था।

उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के दिन निकले वाली बाबा लोकनाथ की शिव बारात प्रयागराज की ऐतिहासिक शिव बारात है। उन्होंने बताया कि नाथ संप्रदाय के मत्स्येंद्रनाथ ने प्रचीनकाल में यहां चतुर्मास पूरा किया था। इस मंदिर में भगवान लोकनाथ के साथ उनकी सवारी नंदी महाराज, भगवान गणेश एवं भवानी स्वरूप माता पार्वती और शेषनाग की प्राचीन प्रतिमाएं हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों ने माता दुर्गा, हनुमान जी और अन्य देवी–देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित की है।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, मदरसे का प्रबंधक निकला गिरोह का सरगना




**संवाददाता—श्रावस्ती।** नकली नोट छापकर ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों व दुकानों में चलाने वाले गिरोह का पुलिस ने बुधवार पर्दाफाश किया। मामले में हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व एसओजी टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से असली व नकली नोट, नोट छापने के कागज, उपकरण व तमंचा तथा बाइक बरामद किया है। गिरोह का सरगना मल्हीपुर के एक मदरसा का प्रबंधक बताया जा रहा है।

पुलिस को कुछ दिनों से यह शिकायत मिल रही थी कि मल्हीपुर थाना क्षेत्र में नकली नोट का प्रचलन बढ़ा है। इसका खुलासा करने के लिए एसपी ने टीम का लगाया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर भेसरी नहर पुल से तीन लोगों को नकली नोट, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद मल्हीपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर स्थित मदरसे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जहां से एक प्रिंटर, दो लैपटाप, चार बोतल स्याही, 35,400 रुपये नकली नोट व 14500 रुपये असली नोट, एक 315 बोर तमंचा व कारतूस, एक कैंची, स्केल, एक कागज का तीन असली नोट चिपका फार्मा, एक बाइक व पांच मोबाइल बरामद हुए।

एसपी घनश्याम चौरसिया के अनुसार गिरफ्तार मुबारक अली उर्फ नूरी निवासी लक्ष्मनपुर गंगापुर थाना मल्हीपुर गिरोह का सरगना है। जिसके पांच बीवियां हैं। जो अलग अलग स्थानों पर रहकर नकली पैसे को चलाने का काम करती हैं। इसकी एक बीबी गंगापुर के मदरसा फैजुर्रनबी व दूसरी बहराइच शहर के जामिया नूरिया मस्जिद में शिक्षक है। जब जिला पुलिस उसे घेरती है तो नूरी बहराइच मदरसे में छिपता है। यही गंगापुर मदरसे के एक कमरे में नकली नोट छापता है। जो शाम को बाजार में या फिर कम रोशनी वाले स्थानों पर चलाता है। गिरोह में बहराइच के थाना पयागपुर के काशी जोत निवासी जमील अहमद, विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के सर्बदी निवासी धर्मराज शुक्ला, रामगांव थाना क्षेत्र के बेगमपुर निवासी रामसेवक व सोनवा थाना क्षेत्र के ककंधू गांव निवासी अवधेश कुमार पांडेय भी शामिल हैं।

काशीजोत निवासी जमील अहमद पर पयागपुर थाने में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि रामसेवक पर बहराइच कोतवाली नगर में दो व नानपारा में एक मामला दर्ज है। अवधेश कुमार पर सोनवा में शस्त्र अधिनियम का एक व मुबारक अली पर गोंडा के खरगूपुर, बहराइच के रुपईडीहा में एक एक व मल्हीपुर में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि आरोपी मुबारक अली ने यूट्यूब से नकली नोट बनाना सीखा था। नकली नोट बनाने में उच्च कोटि का कागज इस्तेमाल करते थे। जिसे लैपटॉप व प्रिंटर के सहारे निकालते थे। जिसे बाद में कम रोशनी वाले स्थान व कम पढ़े लिखे लोगों, फल सब्जी की दुकानों व ढाबली पर चलाते थे।

इस काम में नूरी की पत्नियां भी शामिल थी। घनश्याम चौरसिया, एसपी ने कहा कि जाली नोट बनाने व बाजार में खपाने वाले गिरोह का खुलासा करने वाली हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व एसओजी टीम को 25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एएसपी प्रवीण कुमार यादव सीओ संतोष कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# तेंदुए के हमले में भट्ठा मजदूर घायल, किसी तरह बची जान



**संवाददाता—महराजगंज।** लक्ष्मीपुर क्षेत्र में बुधवार को एक बार फिर एक तेंदुए ने आबादी के करीब आकर हमला किया है। जंगल से पांच—छह किमी दूर लक्ष्मीपुर के विशुनपुर कुर्थिया स्थित ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर पर अचानक तेंदुए ने हमला कर उसे घायल कर दिया। मजदूर का शोर सुनकर आसपास मौजूद अन्य मजदूर व लोग लाठी—डंडा लेकर दौड़े तब जाकर उसकी जान बची।

बुधवार की शाम विशुनपुर कुर्थिया में स्थित एक भट्ठे पर मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच जंगल से निकलकर पहुंचे तेंदुए ने एक किनारे काम कर रहे गांव के ही मजदूर मोहम्मद अरबाज (20) वर्ष पुत्र अब्दुल गफ्फार पर हमला कर दिया। तेंदुए ने उस पर तब हमला बोला जब वह भट्ठे के पीछे की ओर गया था। बताया जा रहा है कि जंगल से निकलकर तेंदुआ वहीं भट्ठे के पास स्थित झाड़ी के करीब छिपा था और अरबाज को देखकर उस पर हमला कर दिया।

मजदूर अरबाज पर तेंदुए ने हमला कर उसके शरीर पर कई जगहों पर झपट्टा मारा। मजदूर का शोर सुनकर लोग उस तरफ दौड़े तब तक तेंदुआ उस पर हमलावर था। भीड़ को आता देख तेंदुआ छलांग मारते हुए भाग निकला। मौके पर पहुंचे परिजनों व लोगों ने आनन—फानन में घायल को लक्ष्मीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बीके शुक्ला ने बताया कि घायल युवक का इलाज किया गया है। वह तेंदुए के पंजे से घायल हुआ था। इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया है।

वेदप्रकाश शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीपुर ने कहा कि तेंदुए के हमले की सूचना मिली है। लोगों को सतर्क कर दिया गया है। तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्था की जा रही है।

# कहासुनी के बाद बेटे ने पिता को मौत के घाट उतारा

**संवाददाता—महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र के विशुनपुर गबड़ुआ गांव में कहासुनी को लेकर उपजे मामूली विवाद में बेटा ने अपने पिता को ईंट से पीटकर घायल कर दिया। इस घटना से सनसनी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे घुघली थाना के पुलिस कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए घुघली सीएचसी भेजा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायल पिता की बुधवार की सुबह पांच बजे मौत हो गई। इस मामले में घुघली पुलिस आरोपित पुत्र को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पिता—पुत्र के बीच मारपीट की घटना मंगलवार की रात को हुई थी। पुलिस के मुताबिक विशुन गबड़ुआ गांव निवासी घुरहू अपने बड़े बेटे के लड़के के मारने—पीटने का उलाहना लेकर दूसरे घर में रह रहे छोटे बेटे मुराली के पास पहुंचा था। छोटे बेटे को डांटने—फटकारने लगा। आरोप है कि उलाहना से छोटा बेटा मुराली आग बबूला हो गया। पास में पड़े ईंट को उठाकर पिता के सिर पर वार कर दिया। इससे घुरहू का सिर फट गया। मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही डायल—112 की टीम मौके पर पहुंची। घायल घुरहू को इलाज के लिए घुघली सीएचसी ले गई। वहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख घुरहू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह पांच बजे घुरहू की मौत हो गई।

इस घटना के एक साल पहले छोटे बेटे ने अपने पिता घुरहू पर दो बार जानलेवा हमला किया था। उस घटना में मां की तहरीर पर छोटे बेटे के खिलाफ घुघली पुलिस ने केस दर्ज किया था। पहला केस 2022 व दूसरा केस 2023 में मारपीट के आरोप में दर्ज किया गया था। तीसरी बार हमला में छोटे बेटे ने अपने पिता को मौत के घात उतार दिया। घुघली एसओ कुंवर गौरव सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

विशुनपुर गबड़ुआ गांव में पिता—पुत्र के बीच मारपीट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायल पिता को इलाज के लिए सीएचसी में भेजा था। वहां से रेफर होने के बाद इलाज के दौरान घायल की मौत हो चुकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रकरण में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित को हिरासत में लिया गया है। प्रकरण में केस दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद धारा तरमीम की जाएगी।

# 75 गुमशुदा स्मार्टफोन बरामद, मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर लौटी रौनक


**संवाददाता—श्रावस्ती।** श्रावस्ती में पुलिस ने 75 खोए हुए स्मार्टफोन बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। पुलिस ने लोगों के खो गए 75 स्मार्ट फोन बरामद कर लिए हैं। जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। बरामद फोन को पुलिस ने फोन मालिकों को सौंप दिए हैं। मोबाइल फोन गुम होने की सूचना पर पुलिस सर्विलांस सेल के माध्यम से खोज बीन कर रही थी। खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर 75 मोबाइल फोनों को पुलिस ने विभिन्न जनपदों से बरामद किया। जिसमें कीमती फोन शामिल थे। इस फोनों की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जाती है। बुधवार को एसपी घनश्याम चौरसिया ने पुलिस आफिस बुला कर सभी मालिकों को उनके फोन सौंप दिए। इससे फोन मालिकों के चेहरों पर रौनक लौट आई। एसपी ने बताया कि सभी मोबाइल फोन गायब होने की शिकायतों को सर्विलांस सेल के माध्यम से खोजा जाता है। इससे मोबाइल आसानी से बरामद हो जाते हैं।

# महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से झूमा सिसवा



**संवाददाता—महराजगंज।** सिसवा के श्रीरामजानकी मंदिर उत्सव प्रांगण में सिसवा विकास समिति की ओर से आयोजित सिसवा महोत्सव का आगाज रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हुआ। नगर के विभिन्न विद्यालयों की प्रतिभाओं ने लोकनृत्य, फोल्क सांग आदि पर जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रमों से लोग झूमते रहे। महोत्सव का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। इसके बाद आरपीआइसी स्कूल, चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मलवरी कॉन्वेंट स्कूल, स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल, किसान आदर्श इंटर कॉलेज बेलवा, मरियम गर्ल्स कॉलेज, रामकिशन मेमोरियल स्कूल सहित नगर के तमाम शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोककलाओं को मंच पर जीवंत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध एंकर व मिमिक्री कलाकार अमर राज सक्सेना, मिस कानपुर कनक शर्मा व रोशन मद्धेशिया ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल, एनबी पाल, अमित अंजन, शुभ्रा सिंह जायसवाल, अवधेश चौबे, गोविंद सोनी, विवेक चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ेर से लटका मिला युवक का शव



**संवाददाता—श्रावस्ती।** नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के चक्र भण्डार में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर की बड़ेर से लटकता हुआ मिला। शव देख कर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चक्र भण्डार गांव निवासी सुशील कुमार यादव (21 वर्ष) पुत्र ओम प्रकाश यादव गांव के पूरब खेत में झोपड़ी बनाकर पढ़ाई करने के साथ साथ सेना में जाने की तैयारी करता था। रोजाना की भांति मंगलवार को भी सुशील गांव स्थित अपने घर से भोजन करके उसी झोपड़ी में रहने आ गया था। बुधवार सुबह सुशील के परिजन जब झोपड़ी पर पहुंचे तो वहां पर बड़ेर से लटकता हुआ सुशील का शव दिखा। जिससे परिजनों में हाहाकार मच गया। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन कर परीक्षण के लिए भेज दिया है। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर सुशील की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि हत्या हैं कि आत्महत्या ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।

# बाइक से रेसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, किशोरी की मौत व छह घायल

**संवाददाता—बहराइच।** मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार से रेसिंग के दौरान एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने चार को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।



कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के नई बस्ती निधीपुरवा गांव निवासी गोपीचंद व उनके भाईयों के बच्चे कार से बुधवार को कतनिर्याघाट का दीदार करने जा रहे थे। बताया जाता है कि मिहींपुरवा—मुर्तिहा मार्ग पर जा रहे बाइक सवार से रेस के दौरान कार चला रहे युवक ने कार पर नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। कार की स्पीड अधिक होने से कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार गोपीचंद की बेटी गुंजा (17) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने पुलिस व एंबुलेंस को हादसे की जानकारी दी।

सूचना पर पहुंचे कोतवाल अमितेंद्र सिंह ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख रूकमीना (22), पूनम (15), अर्जुन (10) व लक्ष्मी (18) को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। वहीं, रोहित (15) का इलाज जारी है। कार सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं, उन्हें घर भेज दिया गया।

मुर्तिहा कोतवाल अमितेंद्र सिंह का कहना है कि निधीपुरवा निवासी एक परिवार के नौ लोग कतर्नियाघाट नव वर्ष मनाने अपनी कार से जा रहे थे। कार की गति अधिक होने से पेड़ से टकरा गए। हादसे में मृत हुई किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। जांच की जा रही है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती ने फंदे से लटक कर दे दी जान



**संवाददाता—देवरिया।** जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा कस्बे में माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली एक युवती ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सीओ सिटी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पडताल की। भलुअनी थाना क्षेत्र के सोनारी गांव की रहने वाली चारु यादव( 25 ) पुत्री शैलेंद्र पथरदेवा के एक माइक्रो फाइनेंस में काम करती थी। वह कस्बे में ही किराए पर कमरा लेकर रहती थी। मकान मालिक के अनुसार मंगलवार की रात को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। बुधवार की सुबह जब काफी देर तक चारु के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो महिला मकान मालिक उसे जगाने पहुंची। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कमरे कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो मकान मालिक को कुछ शक हुआ। खिड़की से झांकने पर चारु टीन शेड के पाइप से रस्सी के सहारे लटकता हुआ दिखाई दी। उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी। तख्ते के उपर कुर्सी रखी हुई थी जिसके सहारे चारु ने घटना को अंजाम दिया था। मकान मालिक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। एसएचओ मृत्युंजय राय मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थोड़ी देर में मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मां उर्मिला देवी का रो—रो कर बुरा हाल है।सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार रेड्डी भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। संजय कुमार रेड्डी, सीओ ने कहा कि पथरदेवा में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्य करने वाली युवती का शव फंदे से लटकता हुआ मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में चार बाइकें जलकर राख, चार गायों की भी झुलसकर मौत



**संवाददाता—श्रावस्ती।** जिले के नासिरगंज इलाके में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार गायों की झुलसकर मौत हो गई। वहीं, चार बाइकें भी जलकर राख हो गईं। नासिरगंज में मंगलवार रात घर के बरामदे में खड़ी बाइक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे बरामदे में खड़ी चार बाइकें जल गईं। वहीं, हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा में अज्ञात कारणों से फूस के मड़हे में लगी आग में चार गायों की झुलसने से मौत हो गई। सोनवा थाना क्षेत्र के नासिरगंज निवासी सलीम के घर के बरामदे में चार बाइक खड़ी थीं जिसमें मंगलवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक सभी बाइकें तथा गद्दा रजाई सहित अन्य सामान जल चुका था।

मौके पर पहुंचे सोनवा थाना प्रभारी प्रशिक्षु सीओ आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक योगेश सिंह व नासिरगंज चौकी प्रभारी प्रमोद अग्निहोत्री ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर आग को काबू किया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं एक अन्य घटना में मंगलवार रात अज्ञात कारणों से हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा निवासी होली राम के फूस के मड़हे में आग लग गई।

इसकी चपेट में आने से तीन गौवंशों की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई। इस दौरान वहां रखा भूसा भी जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# नए साल पर श्रावस्ती और सोनपथरी में रही भारी भीड़

**संवाददाता—श्रावस्ती।** नए साल का स्वागत करने के लिए सड़कों और पर्यटन स्थलों पर युवक युवतियों तथा बच्चों की भारी भीड़ रही। लोगों ने बौद्ध स्थली श्रावस्ती तथा नेपाल सीमा पर स्थित सोनपथरी आश्रम में लोगों की भारी भीड़ रही। युवक युवतियां खूब मस्ती करते दिखे। नववर्ष के अवसर पर श्रावस्ती के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर देशी विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ रही। नव वर्ष के जश्न में डूबे पर्यटकों को काबू करने के लिए पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पर्यटन स्थली श्रावस्ती में सुबह से देशी विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। इन पर्यटकों में चीन, जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, म्यांमार, मलेशिया, कोरिया, कंबोडिया सहित बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, अयोध्या, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सहित अन्य क्षेत्रों के पर्यटक शामिल रहे। श्रावस्ती स्थित जेतवन विहार के गंध कुटी, आनन्द बोधि वृक्ष, संघाराम, राहुल कुटी, उपाली कुटी, सारीपुत्त स्तूप सहित अन्य स्थलों पर सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली। यही हाल महेट के सुदत्त सेठ स्तूप, अंगुलीमाल, संभवनाथ कुटी का रहा। इसके अलावा ओड़ाझार, विश्व शान्ति घण्टा पार्क सहित थाईलैंड बुद्ध मन्दिर, श्रीलंका बुद्ध मन्दिर, चाइना बुद्ध मन्दिर, कोरिया बुद्ध मन्दिर, कंबोडिया बुद्ध मन्दिर, जैन श्वेताम्बर मन्दिर, जैन दिगम्बर मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों में भी पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली। नए साल पर जिले भर में जश्न मनाया गया। विशेषकर युवकों युवतियों और बच्चों में नए साल पर भारी उत्साह रहा। नेपाल सीमा के पास स्थित सोनपथरी आश्रम में दिन भर पर्यटकों की भीड़ रही। सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ रही। आश्रम में लोगों के भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुरक्षा के लिए एसएसबी जवान व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# नए साल में पात्रों में जगी पीएम आवास मिलने की उम्मीद, सर्वे शुरू

**संवाददाता—गोण्डा।** नए साल में बेघर परिवारों में प्रधानमंत्री आवास मिलने की उम्मीद जागने लगी है। आवास न होने से कुछ ऐसे परिवार भी हैं जो झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। ऐसे परिवारों को आवास मुहैया कराने के लिए पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे का काम शुरू हो गया है। पात्रों को आवास मिले, इसके लिए प्रशासन की तरफ से 411 कर्मियों को सर्वे कार्य के लिए लगाया गया है। सर्वे के बाद श्रेणी के मुताबिक आवास की सुविधा प्रदान किए जाने की जानकारी विभागीय अफसरों की ओर से दी जा रही है। जिले के 16 ब्लॉकों में पीएम आवास का सर्वे कार्य पूरा करने के लिए 411 कर्मियों को विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। इनमें ग्राम विकास विभाग के 89 कर्मी शामिल हैं। वहीं, लघु सिंचाई विभाग के 19 टेक्नीशियन, पंचायत विभाग के 73, राजस्व विभाग के 121, चकबंदी विभाग के 09, कृषि विभाग के 22 कर्मी, पशुपालन के 15 ,समाज कल्याण के एक, गन्ना विभाग के 10 ,सहकारिता विभाग के दो ,नलकूप खंड के 49, सरयू नहर खंड चार के एक कर्मचारी को सर्वे कार्य में लगाया गया है। सभी कर्मियों को समय से सर्वे पूरा करके रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# महदी अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगाई जान माल की सुरक्षा गुहार

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। कौशांबी के रहने वाले अनुज प्रताप सिंह जो कि धर्म परिवर्तन करके महदी अली बनकर जीवन यापन कर रहे थे ने अपनी पुरानी जडों में वापस लौटने का निर्णय किया है, प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में एक प्रेस वार्ताओं को संबोधित करते हुए महदी अली उर्फ अनुज प्रताप सिंह ने यह बताया कि कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों के जाल में फंस कर हिंदू सनातन धर्म से विमुख हो गए थे और उन्होंने मुस्लिम पंथ अपना लिया था, किंतु मुस्लिम पंथ अपनाने के बाद जो उसमें व्याप्त गंदगी और राष्ट्र के प्रति ,हिंदू सनातन धर्म के प्रति, उनकी कुत्सित भावनाओं से आहत होकर उन्होंने इस्लाम को छोड़ने का निर्णय किया है, महदी अली ने अभी बताया कि कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादियों से उन्हें अपनी जान को खतरा है और इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर



अपनी जान और माल की सुरक्षा की गुहार की है ,वही मौके पर धर्म गुरुओं ने महदी अली की घर वापसी , एवं उनकी सुरक्षा के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है, सुरक्षा हेतु उन्होंने योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा हैं, तथा धार्मिक एवं कानूनी दोनों तरीके से मेहंदी हसन अली के घर वापसी अर्थात पुनः सनातन हिंदू धर्म में वापसी के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है और सिर्फ मेहंदी अली की बल्कि अनेक हिंदू जिन्होंने इस्लाम पंथ ग्रहण कर लिया है उनकी वापसी कराएंगे।

# खोखो में रायल क्वीन, क्रिकेट में एसकेटी जीती

**संवाददाता—गोण्डा।** रॉयलसन पब्लिक इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय रॉयल चैंपियन क्रिकेट और रॉयल चौंपियन खो—खो का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री नागेन्द्र पांडेय और डॉ. वीएन शर्मा ने किया। क्रिकेट में पहला मुकाबला इलेवन टाइगर तथा सरस्वती क्रिकेट क्लब के मध्य हुआ। सरस्वती क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरस्वती टीम की तरफ से राहुल ने चार विकेट चटकाए। इलेवन टाइगर टीम की तरफ से कार्तिक अतुल और आदर्श ने अच्छा प्रदर्शन किया। सरस्वती क्रिकेट क्लब ने मैच जीत लिया। खो—खो में पहला मुकाबला रॉयल क्वीन और रॉयल प्लेयर के बीच बहुत ही रोमांचक रहा। इसमें रॉयल प्लेयर की टीम ने पहले राउंड में दो और दूसरे राउंड में तीन प्वाइंट अर्जित किया। रॉयल क्वीन की टीम ने पहले राउंड में शून्य और दूसरी राउंड में आठ प्वाइंट हासिल किया। रॉयल प्लेयर टीम की तरफ से उमा और रॉयल क्वीन टीम की तरफ से प्रियंका ने शानदार प्रदर्शन किया। अंपायर पप्पू, आदित्य नाथ, ,राज चतुर्वेदी,सौरभ शर्मा और अतुल शुक्ला रहे।

# बचकानी हरकत छोड़ें राहुल गांधी, रामजी के दर्शन कर सद्बुद्धि प्राप्त करें -बृजभूषण शरण सिंह

**संवाददाता—गोण्डा।** पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूर्व पीएम के स्मारक को लेकर हो रही राजनीति पर राहुल गांधी और कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि बड़ा दुर्भाग्य है कि वर्ष 2025 में राहुल गांधी और कांग्रेस को सीरियस हो जाना चाहिए क्योंकि देश को उनकी जरूरत है। जब सरकार ने स्मारक सैंक्शन कर दिया। प्रधानमंत्री का वचन ही अपने आप में सैंक्शन है। प्रधानमंत्री ने कह दिया, गृह मंत्री ने कह दिया और सैंक्शन भी कर दिया। इसके बाद इन लोगों को राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी या कांग्रेस ऐसे मुद्दे उठा रही है, जिनसे जनता का कोई सरोकार नहीं है। इनको जनता से जुड़े हुए मुद्दे उठाना चाहिए लेकिन अब कोई बहाना इनको नहीं मिल रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के साथ क्या किया, उनके शव को कांग्रेस कार्यालय तक नहीं लाने दिया गया। वो चाहते थे कि केवल उनके परिवार के अलावा किसी की समाधि दिल्ली में ना बने। राहुल गांधी को अब ये बचकानी हरकत छोड़ना चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि मैं चाहुंगा कि वो अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन करें। हनुमान जी का दर्शन करें और सदबुद्धि प्राप्त करें। देश को उनकी जरूरत है। जो जरूरी हो वो मुद्दे उठाए क्योंकि विपक्ष का और राहुल जी का राजनीति में सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। पूर्व सांसद ने दिल्ली सीएम आतिशी द्वारा धार्मिकस्थल न तोड़े जाने को लेकर एलजी को लिखे पत्र पर कहा कि केजरीवाल ड्रामा पार्टी है। उसके बारे में मैं नहीं बोलूंगा।

# शहरवासियों ने खुशियां जताते हुए नए साल का किया स्वागत



**संवाददाता–गोरखपुर।** शहरवासियों ने नए साल 2025 का स्वागत मंगलवार रात को किया। देर रात तक शहर आयोजनों में मस्ती में झूमता रहा। आधी रात को जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंची तो आतिशबाजी शुरू हो गई। लोगों ने खुशियां जताते हुए नए साल का स्वागत किया व एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर बोलकर बधाई दी। देर रात तक पार्टी व सैर सपाटे का दौर चलता रहा। शहर के नौकाविहार, क्रूज, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, गोरखपुर क्लब, फॉरेस्ट क्लब के साथ विभिन्न होटलों व घरों में आयोजन किए गए।

वर्ष के अंतिम दिन सुबह से ही लोग तैयारी में जुटे थे। दोपहर से ही सड़कों पर चहल–पहल शुरू हो गई। लोग नए साल की बधाई देने के लिए बाजारों से फूल, कार्ड, व गिफ्ट की खरीदारी की। शाम होते–होते रौनक बढ़ गई। जगह–जगह लोगों ने पार्टी कर पुराने साल की विदाई व नए साल का स्वागत किया। कुछ लोग नया साल मनाने के लिए कुशीनगर, नेपाल व अन्य पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर भी गए।

नए साल को लेकर शहर के कुछ मंदिरों में पूजा–अर्चना की गई। दाउदपुर काली मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। असुरन स्थित विष्णु मंदिर में भगवान को विशेष भोग लगाया गया। भगवान का विधिपूर्वक शृंगार कर भव्य आरती की गई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी पूजा–पाठ किया। साथ ही लोगों ने घरों के मंदिरों में भी भगवान की पूजा–अर्चना कर आरती कर भोग लगाया। इसी के साथ गोलघर काली मंदिर में लोगों ने पूजा–अर्चना की। नववर्ष पर लगभग सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मसीही समुदाय के लोगों ने जाते हुए साल को विदाकर नए साल का स्वागत किया। सिविल लाइन स्थित सेंट जोसेफ चर्च में पल्ली पुरोहित फादर जीजो एंथोनी ने बीते वर्ष विविध क्षेत्रों में सफलता के लिए प्रभु का धन्यवाद दिया। पवित्र मिस्सा का अनुष्ठान हुआ।

रामगढ़ताल की लहरों पर स्थित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में लोगों ने रसियन डीजे के साथ देर रात तक खूब मस्ती की। रूस की डीजे मीयूलीन ने परफॉर्म किया। साथ ही देश विदेश से आए अन्य कलाकारों ने भी डांस के साथ खूबसूरत गाना भी गाया। इस पर लोग झूमते रहे। साथ ही परिवार सहित पहुंचे लोगों ने स्वादिष्ट भोजन की भी आनंद लिया। उधर रेस्ट्रो बार को बोहो थीम पर बनाया गया था, जिससे गोवा और बाली जैसे जगहों जैसा अनुभव हुआ नए साल का जश्न गोरखपुर क्लब में धूमधाम से मनाया गया। इसमें दिल्ली से आई एंकर ने कार्यक्रम का संचालन किया। लोगों ने मुंबई से आए बैंड की धुन पर डीजे पर झूम के डांस किया। रात 12 बजते ही लोगों में खुशी दौड़ गई और केक काटकर नए साल का स्वागत किया। ग्रुप के सदस्यों ने नृत्य संगीत किया। लोगों ने तालियां बजाकर एक दूसरे का उत्साह बढ़ाया। पार्टी देर रात तक चलती रही जिसमें लोगों ने स्वादिष्ट भोजन भी किया। इसके पहले क्लब के सदस्यों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा कि नए साल हम सबके जीवन में खुशियां लेकर आया है। इसी क्रम में फॉरेस्ट क्लब में लोगों ने उत्साह के साथ नया साल नया। साथ ही होटल मैरियट में भी लोगों ने नववर्ष मनाया।

लोगों को नए साल की बधाई देने के लिए गुलाब के फूलों की जमकर खरीदारी हुई। एक गुलाब 25 से 30 रुपये का बिका। साथ ही रंग बिरंगे गुलदस्ते भी 250 रुपये से लेकर ऊंचे दामों में बिके। लोगों ने फूल देकर नए साल की बधाई दी।

# गोरखपुर को 1533 करोड़ रुपये का न्यू ईयर गिफ्ट देंगे सीएम योगी



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को करीब 1533 करोड़ रुपये का न्यू ईयर गिफ्ट देंगे। वह 2 जनवरी (गुरुवार) को 1478 करोड़ 80 लाख 68 हजार रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 53 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण और शिलान्यास के ये कार्यक्रम जनता इंटर कॉलेज चरगांवा में गुरुवार को दोपहर बाद होंगे। लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में राजकीय कृषि विद्यालय चरगांवा के नवीन प्रशासनिक भवन, इसी विद्यालय में किसान हॉस्टल, नथमलपुर में क्षेत्रीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला का निर्माण और राप्ती नदी पर नौसढ़ से कालेसर तक 6 किमी तटबंध के सुदृढ़ीकरण के कार्य शामिल हैं। जबकि शिलान्यास वाली परियोजनाओं में गोरखपुर–लखनऊ राजमार्ग पर राप्ती नदी के अप और डाउन स्ट्रीम पर नए पुल, गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग, चारफाटक–असुरन फोरलेन मार्ग तथा गोरखपुर–खजनी–सिकरीगंज मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य सम्मिलित हैं।

कृषि क्षेत्र की प्रगति और अन्नदाता किसानों के हित के प्रति संवेदनशील रहने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के चरगांवा में नव वर्ष के दूसरे दिन (2 जनवरी) नवीनीकृत राजकीय कृषि विद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और छात्रावास (किसान हॉस्टल) का लोकार्पण करेंगे। इस कृषि विद्यालय में कृषि से जुड़े मास्टर ट्रेनरों, कमर्चारियों और प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। राजकीय कृषि विद्यालय के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण पर 9.88 करोड़ रुपये तथा किसान हॉस्टल के निर्माण पर 9.08 करोड़ रुपये की लागत आई है। इन दोनों निर्माण कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 मार्च 2021 को किया था। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना के मुताबिक इस राजकीय कृषि विद्यालय के नवीनीकृत हो जाने से अधिक संख्या में किसानों को खेती किसानी की नवीनतम जानकारियों से रूबरू कराया जा सकेगा। पूर्व के भवन में मात्र 80 लोग ही प्रशिक्षण प्राप्त कर पाते थे। नई बिल्डिंग में 200 लोग प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे।

चरगांवा में स्थित राजकीय कृषि विद्यालय की स्थापना 1932 में की गई थी। तब इस विद्यालय से कृषि डिप्लोमा की पढ़ाई होती थी। प्रदेश में कृषि स्नातकों की संख्या पर्याप्त हो जाने के कारण 1984 में यहां कृषि डिप्लोमा कोर्स बंद कर दिया गया। डिप्लोमा कोर्स बंद होने के बाद राजकीय कृषि विद्यालय द्वारा कृषि विभाग के कर्मचारियों, प्रगतिशील किसानों तथा किसान विद्यालय के मास्टर ट्रेनरों को अद्यतन कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाले क्षेत्रीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला के निर्माण पर 24 करोड़ 43 लाख 63 हजार रुपये खर्च हुए हैं। इस प्रयोगशाला में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की तरफ से खाद्य पदार्थों एवं दवाओं के नमूनों की जांच की जाएगी। इस प्रयोगशाला का फायदा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों को मिलेगा।

राप्ती नदी पर नौसढ़ से कालेसर तक गोरखपुर रोड के समानांतर स्थित तटबंध पर 6 किलोमीटर की लंबाई में सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया है। इस पर 10 करोड़ 27 लाख 58 हजार रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों जिन चार परियोजनाओं का शिलान्यास होगा, वे सभी रोड कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन चारों परियोजनाओं पर करीब 1479 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# आजादी के 77 वर्ष बाद सरकारी हिस्से में आई अंग्रेजों के नाम दर्ज जमीन

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील क्षेत्र के बर्डपुर नंबर एक से लेकर 14 तक व दुल्हा खुर्द, दुल्हा शुमाली, दुल्हा दरम्यानी गांव की खतौनियों के 49 गाटों में अंग्रेजों के नाम से दर्ज 5.104 हेक्टयर भूमि अब सरकारी भूमि हो गई है। आजादी के 77 वर्ष बाद डीएम डॉ.राजा गणपति आर ने अंग्रेजों के नाम दर्ज जमीनों को निरस्त करते हुए उन जमीनों को राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश तहसीलदार नौगढ़ को दिया है। साथ ही एसडीएम नौगढ़ को निर्देशित किया है कि यदि इस भूमि पर किसी व्यक्ति का अनाधिकार कब्जा हो तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार के पक्ष में निहित भूमि को रिक्त कराना सुनिश्चित करें।

दरअसल देश की आजादी से पहले जिले के बर्डपुर कस्बा समेत आसपास के क्षेत्रों में अंग्रेजों का साम्राज्य था। अंग्रेजी जमींदारों ने बर्डपुर नंबर–एक से 14 तक ग्राम पंचायतों का विभाजन करते हुए खेती किसानी करते रहे। वर्ष 1947 में देश को आजादी मिलने के बाद यहां रह रहे अंग्रेजों ने यह क्षेत्र छोड़कर अपने देश चले गए। इसके बाद उनके नाम खसरा–खतौनी में अब भी दर्ज थे।

# घूस का रेट फिक्स ही कर दो, वकीलों ने हाथ में तख्तियां ले किया प्रदर्शन




**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** वकीलों ने आरोप लगाया कि छोटे–बड़े कामों के लिए मनमाने ढंग से रुपयों की मांग की जाती है। ऐसे में सामान्य लोग परेशान हो जाते हैं। खासकर गरीबों को काफी दिक्कत आती है। उन्होंने तंज में कहा कि जब इस स्थिति पर लगाम नहीं लग रही है तो फिर यदि रेट लिस्ट ही बन जाए तो ठीक रहेगा। अंबेडकरनगर में हाथों में तखतियां लेकर प्रदर्शन कर रहे वकीलों की मांग सुनकर अफसर हैरान रह गए। इस प्रदर्शन की जिले में खूब चर्चा हो रही है। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए घूस का रेट फिक्स कर देने की मांग की। तख्धतियों पर भी उनकी यही मांग लिखी थी। प्रदर्शन में शामिल वकीलों ने आरोप लगाया कि कोई भी काम बिना घूस दिए पूरा नहीं होता। छोटे–बड़े कामों के लिए मनमाने ढंग से रुपयों की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे कामों के लिए भी ज्यादा पैसों की मांग की जाती है। ऐसे में सामान्य लोग परेशान हो जाते हैं। खासकर गरीबों को काफी दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि जब इस स्थिति पर लगाम नहीं लग रही है तो फिर यदि रेट लिस्ट ही बन जाए तो ठीक रहेगा। कम से कम लोग अपने कम तो आसानी करा सकेंगे। वकीलों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी दिया। उन्होंने कहा कि रेट लिस्ट में यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि किस काम के लिए कितनी धनराशि घूस में देनी होगी। वकीलों ने कहा कि घूस की रेट लिस्ट न होने के चलते जो रकम दी जाती है वो घूस चाहने वाले की अपेक्षा से कम होती है। इस वजह से काम भी रुक जाता है। वकीलों ने कहा कि अलग–अलग कामों के लिए पहले ली जाने वाली घूस की धनराशि अब बढ़ गई है। अपेक्षा अधिक की होती है इसलिए जरूरी है कि घूस की दर प्रकाशित कर दी जाए। इससे सबको आसानी होगी। वकीलों के इस प्रदर्शन पर अफसरों का कहना है कि यदि किसी ने भी सरकारी काम के लिए घूस मांगी तो इसकी शिकायत की जानी चाहिए। शिकायत सही पाई गई तो कार्रवाई जरूर होगी। कहा कि यदि कोई घूस मांगता है तो उसे रंगे हाथों पकड़वा देना चाहिए। एक अधिकारी ने मीडिया से कहा कि कुछ अधिवक्ता किसी बात को लेकर नाराज थे। मामला अब सुलझ गया है।

## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुदाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सप्तम् अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0–255/1992
जगत नरायन
बनाम
कृष्ण कुमार आदि
2/1 अवनीश कुमार उम्र 42 साल 2/2 योगेश कुमार उम्र 35 साल पुत्रगण रोहित कुमार 2/3 श्रीमती संतोष उम्र 65 साल बेवा रोहित कुमार साकिनान मौजा कोहल मिश्र तप्पा बनगवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 21–02–2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 21 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबावदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
नम्बर मुकदमा–83/608
अदालत– श्रीमान नायब तहसीलदार सदर बस्ती जिला–बस्ती
पल्टूराम (मृतक)
बनाम
श्रीमती भगवानदेई
1. हरिप्रसाद पुत्र जयश्री 2. झिनकान पुत्र जयश्री साकिनान मौजा जखनी तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 15–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 01 माह 01 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0:–D202417140001070
धारा 30 उ0प्र0रा0सं0 2006
अदालत– श्रीमान ए0डी0एम0 महोदय बस्ती जिला–बस्ती
नरसिंह
बनाम
सुनील वर्मा आदि
1. राजपती देवी पत्नी किशुनलाल 2. पप्पू पुत्र दत्तू 3. ओम प्रकाश पुत्र दत्तू 4. महेश पुत्र दत्तू 5. राम पियारे पुत्र विशेषर 6. गया प्रसाद पुत्र विशेषर 7. राकेश वर्मा पुत्र राम चन्दर 8. सुमिरता पत्नी रामचन्दर 9. श्यामलाल पुत्र रामदास साकिनान मौजा जगदीशपुर तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 09–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुदाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सप्तम् अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0–85/95
दशरथ पाल आदि
बनाम
नवीआस आदि
1/1. अजहर हुसेन पुत्र नवीआस 2/1 मो0 अरशद 2/2 मो0 सुफियान 2/3 सलमान 2/4 इमरान 2/5 आसिफ निवासीगण ग्राम खरचा तप्पा शिवबखरी परगना महुली पश्चिम तहसील धनघटा जिला संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 06–01–2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 06 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबावदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# पुलिस ने किया पांच हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार, आभूषण और बोलेरे हुई बरामद



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में सिद्धार्थनगर के चिल्हिया थाना की पुलिस एसओजी और सर्विस लांस टीम ने चेकिंग के दौरान पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह सभी शातिर बदमाश बहराइच जिले के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ बहराइच जिले के विभिन्न स्थानों में चोरी लूट डकैती सहित गंभीर अपराध के केस दर्ज हैं। पुलिस टीम ने सिद्धार्थनगर में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। पकड़े गए पांच शातिर बदमाशों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण 30000 नगदी तीन देसी तमंचा तथा 6 जिंदा कारतूस चार पहिया वाहन बरामद किया है।

एसपी सिद्धार्थ नगर ने चोरी का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया था

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर ने जिले में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए एसओजीध सर्विलांस औरचिल्हिया थाने की संयुक्त टीम का गठन किया था। पुलिस टीम मंगलवार की रात गौरा वर्डपुर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गौरा बाजार की तरफ से एक चार पहिया बोलेरो वाहन आई हुई दिखाई पड़ी। संदेह होने पर पुलिस टीम ने गाड़ी को रोक कर चेक किया। तो सोने चांदी के आभूषण जेवर नगदी तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो चिल्हिया थाना क्षेत्र के मोहाना युसुफपुर कस्बे के ज्वेलरी की दुकान में हुई नकबजनी की घटना को करना स्वीकार किया गया। उससे सम्बन्धित चोरी का माल बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

सिद्धार्थनगर में पकड़े गए इंदल चौहान, विनोद चौहान, सम्बारी चौहान बहराइच जिले के खैरी घाट थाना क्षेत्र के दत अरनवा गांव के रहने वाले हैं। जबकि नंदकिशोर बहराइच जिले के मोतीपुर थाना के गांव अड़गोडवा तथा बछराम बहराइच जिले के बेहड़ा थाना के दत्त पुरवा का रहने वाला है।इनमें बछराम पर चोरी के दो मुकदमे विनोद पर 19 मुकदमे इंदल पर 25 मुकदमा नंदकिशोर पर दो इस तरह सभी आरोपी पर पहले से केस दर्ज हैं।

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत–श्रीमान तृतीय अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं– 294/2023
मूलवाद सं0– 438/1995
सालिकराम (मृतक) आदि
बनाम
बैजनाथ (मृतक) आदि
1/1 जय प्रकाश 1/2 राम प्रकाश पुत्रगण बैजनाथ 1/3 गुड़िया 1/4 मोलना पुत्रीगण बैजनाथ 1/5 श्रीमती राज कुमारी पत्नी बैजनाथ 2. श्याम सुन्दर पुत्र जगदीश साकिनान मौजा गोड़सरा शुक्ल तप्पा वेलवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 3. ओम प्रकाश पुत्र भगौती प्रसाद 4. जयनरायन पुत्र गुरूप्रसाद साकिनान मौजा विक्रमजोत तप्पा वेलवा परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 15–01–2025**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 15 माह 01 सन 2025 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम अली अहमद था जिसे बदलकर मैंने अली अहमद खान (ALI AHAMAD KHAN) कर लिया है।भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**(अली अहमद खान)**
पुत्र मु. इसहाक खान
मोहल्ला पचपेड़िया, पोस्ट पुरानी बस्ती, जिला बस्ती

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0– 453/2023
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
रामधनी आदि
बनाम
राम औतार आदि
1. राम औतार उम्र 62 साल पुत्र रामलौट ग्राम बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादी प्रथम वर्ग
2. रामचन्दर उम्र 65 साल पुत्र रामलौट ग्राम बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग
3. राजाराम उम्र 70 साल पुत्र रामलौट साकिन मौजा बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादी तृतीय वर्ग

**तारीख पेशी 07–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0– 1218/2022
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
रामधनी आदि
बनाम
राम औतार आदि
2. रामचन्दर उम्र 65 साल पुत्र रामलौट ग्राम बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग
3. राजाराम उम्र 70 साल पुत्र रामलौट 4. राम किशोर उम्र 59 साल पुत्र रामलौट साकिनान मौजा बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादीगण तृतीय वर्ग
5. खुदाबक्श वालिग पुत्र अमजद जाहिरूल खां ग्राम मनिकरपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 6. रामनरेश वालिग पुत्र रामबरन 7. श्रीमती राम दुलारी वालिग पत्नी तिलकराम 8. देवी प्रसाद वर्मा वालिग पुत्र राम संवारे 9. श्रीमती दलसिंगारी देवी वालिग पत्नी राम संवारे 10. केशवराम वालिग पुत्र रामनाथ 11. शिवदास वालिग पुत्र रामनाथ 12. श्रीमती शोभा वालिग पत्नी रामसुरेमन 13. ध्रुवराज वालिग पुत्र रामनरेश 14. राजकरन वालिग पुत्र रामनरेश 15. श्रीमती सूरसती वालिग पत्नी रामनरेश 16. जगराम वालिग पुत्र भरथरी सभी निवासीगण ग्राम बरहपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
–प्रतिवादीगण चतुर्थ वर्ग

**तारीख पेशी 07–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

# नए साल की पार्टी मनाने जा रहे अधिवक्ता पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता–गोरखपुर।** शिवम बुधवार सुबह 10:30 बजे दोस्त के बुलाने पर शहर में एक पार्टी में शामिल होने अपनी बाइक से निकला। महुआडाबर चौकी क्षेत्र के गेमन इंडिया के पास दाहिने पटरी पर गोरखपुर से आ रहे अज्ञात वाहन से आमने–सामने से टक्कर हो गई। शिवम ने हेलमेट नहीं लगाया था, इसलिए उसके सिर में गंभीर चोट आई और वहीं अचेत होकर वह गिर गया। खजनी के नगर पंचायत उनवल के वार्ड संख्या छह निवासी अधिवक्ता सुभाष चंद्र के बेटे शिवम चंद्र (23) की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। शिवम बुधवार को अपने दोस्त के बुलाने पर बाइक से नव वर्ष की पार्टी मनाने जा रहा था, इस दौरान हादसा हुआ। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शिवम बुधवार सुबह 10:30 बजे दोस्त के बुलाने पर शहर में एक पार्टी में शामिल होने अपनी बाइक से निकला। महुआडाबर चौकी क्षेत्र के गेमन इंडिया के पास दाहिने पटरी पर गोरखपुर से आ रहे अज्ञात वाहन से आमने–सामने से टक्कर हो गई। शिवम ने हेलमेट नहीं लगाया था, इसलिए उसके सिर में गंभीर चोट आई और वहीं अचेत होकर वह गिर गया। सूचना पर पिता सुभाष चंद घटना स्थल पर पहुंचे, बेटे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिवम दो भाइयों में छोटा था, इसकी अभी शादी नहीं हुई थी। स्नातक की पढ़ाई कर उसने आईटीआई में प्रवेश लिया था और कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा था।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com